संख्या- 768/अड़तीस-5-11-18सम/2011

प्रेषक,

रूद्र प्रताप सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तर प्रदेश जल निगम,
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-5 लखनऊः दिनॉक 04 मई, 2011

विषयः-प्रदेश के गोरखपुर एवं बस्ती मण्डलों में ए0ई0एस0/ जे0ई0 बीमारी से प्रभावित ग्रामों एवं क्षेत्रों में छिछले हैण्डपम्प के स्थान पर इण्डिया मार्का-।। हैण्डपम्प की स्थापना के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, चिकित्सा अनुभाग-5, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-1201/सेक-5-पॉच-2011 दिनांक 08 अप्रैल, 2011 जो आपको भी सम्बोधित है के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गोरखपुर एव बस्ती मण्डलों में ए0ई0एस0/ जे0ई0 बीमारी से प्रभावित ग्रामों में तत्काल निरीक्षण कराकर यह सुनिश्चित करा लिया जाय कि कोई भी सार्वजनिक हैण्डपम्प इण्डिया मार्का-।। से निम्न स्तर का न हो।

2- उक्त दोनों मण्डलों में ए0ई0एस0/ जे0ई0 बीमारी से प्रभावित ग्रामों /क्षेत्रों में 02 हैण्डपम्पों के मध्य वर्तमान समय में प्रचलित 75 मीटर दूरी के मानक को शिथिल करते हुए 50 मीटर की दूरी का मानक एतद्द्वारा निर्धारित किया जाता है। उक्त दोनों मण्डलों के ग्रामीण अंचलों में नये हैण्डपम्प एवं रिबोर हैण्डपम्प के अधिष्ठापन में ए0ई0एस0/ जे0ई0 बीमारी से प्रभावित ग्रामों तथा अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्तियों को प्राथमिकता दी जाय।

3- गोरखपुर एवं बस्ती मण्डल के ए0ई0एस0/ जे0ई0 बीमारी से प्रभावित ग्रामों की सूची राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की वेबसाइट (www.swsmup.org) पर उपलब्ध है।

भवदीय,

(रूद्र प्रताप सिंह)
विशेष सचिव।

.....2.....

D:\2 Joshi\2011\G Shukla\GO DOC

संख्याः768(1)/अड़तीस–5–11, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. मण्डलायुक्त गोरखपुर एवं बस्ती।
3. आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4. निदेशक, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश।
5. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
6. जिलाधिकारी, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, बस्ती, संतकबीर नगर एवं सिद्धार्थनगर।
7. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, बस्ती, संतकबीर नगर एवं सिद्धार्थनगर।
8. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कार्पो0 लि0, लखनऊ।

आज्ञा से,

(रूद्र प्रताप सिंह)
विशेष सचिव।

03/5/11